संजीव मित्तल, भा.र.ले.से.
महानियंत्रक
Sanjiv Mittal, IDAS
Controller General

सत्यमेव जयते

रक्षा लेखा महानियंत्रक
Controller General of Defence Accounts
उलान बटार रोड, पालम
Ulan Batar Road, Palam
दिल्ली छावनी — 110010
Delhi Cantt - 110010
दूरभाष/Tel. : 011-25674782
फैक्स/Fax : 011-25674776
ईमेल/Email : sanjiv.mittal@nic.in;
sanmit123@gmail.com

संदेश

हिंदी दिवस पर रक्षा लेखा परिवार के सभी सदस्यों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्र की एकता के लिए भाषा सशक्त माध्यम होती है। वह सर्वमान्य भाषा हिंदी है जिससे लोग भावात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं क्योंकि यह देश के सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली और पढ़ी जाती है। तभी तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा था -

"हिंदी द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।"

सरकारी कामकाज हिंदी में करना बहुत आसान हैं। इसमें कंप्यूटर तथा इंटरनेट पर भी सफलतापूर्वक कार्य किया जा सकता है। बस मन बनाइए और कार्य करना शुरू कर दीजिए। अन्य भाषाओं के बोलचाल में आए शब्दों को प्रयोग करने से न झिझकें।

सरकार की राजभाषा नीति में स्पष्ट है कि प्रोत्साहन, प्रेरणा एवं सद्भावना से हिंदी का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। इसी सिद्धांत पर चलते हुए हमने अनुभव किया कि पिछले कुछ वर्षों से विभाग में हिंदी में किए जा रहे कार्यों में काफी बढ़ोतरी हुई है। हिंदी में टिप्पण, 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों के साथ हिंदी में पत्र व्यवहार, विभागीय वैबसाइट का द्विभाषीकरण, हिंदी में गृह पत्रिकाओं का प्रकाशन इस दिशा में किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

हिंदी बहुत सरल, सरस, सहज और मधुर भाषा है। इसे आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी का है। हमारा कर्तव्य है कि हम राजभाषा हिन्दी के बारे में संविधान में निहित मूल संकल्पना को आत्मसात करें और हिंदी में कार्य करते हुए गर्व का अनुभव करें।

जय हिन्द !

रक्षा लेखा महानियंत्रक

हिंदी दिवस, 2019